अमर उजाला 07/08/2024

जीएमएन कॉलेज में मनाया गया तीज : अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज के सभागार में हरियाली तीज पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने किया। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। इसमें सबसे पहले मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई।

इसके बाद सभी स्टाफ सदस्यों के बीच क्विज और संगीत की प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान फन बेस्ड गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें म्यूजिकल चेयर, रैंप वॉक आदि शामिल रहे।

इस अवसर महिला सेल के अन्य सदस्य डॉ. अनुराधा, डॉ. रवनीत कौर, डॉ. नीना, डॉ. नियति, डॉ. सरोज, डॉ. नियति एवं सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम, प्रांजल राणा द्वितीय, आरुषि तृतीय रही, जबकि सांत्वना पुरस्कार तनिष ने प्राप्त किया। संवाद